
# इकाई 1
# प्यार







---

**मोडयूल 1 :** तारीख:

---

**अधिगम उद्देश्य :**

- चित्रवाचन करके आशय ग्रहण करने की अवधारणा बढ़ाना ।
- संदेश सुन - समझकर अभिनय करने की क्षमता बढ़ाना ।
- कविता पढकर आशय ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाना ।
- कविता का आशय लिखने की क्षमता प्राप्त करना ।
- ताल - लय के साथ कविता का आलाप करने की क्षमता बढ़ाना ।

**आशय / अवधारणा : प्रकृति के सब जीव एक समान है।**

**मूल्य और मनोभाव : खुद से प्यार करने के साथ हम दुनिया से भी प्यार करना।**

**कालांश : 9**

**सामग्री : पाठ्यपुस्तक, फ्लाश कार्ड, ICT**

**अधिगम गतिविधि : चित्रवाचन**

**: कविता का तालयुक्त आलाप**

## गतिविधि 1 : चित्रवाचन

**अनौपचारिक संवाद**

अध्यापिका इकाई 1 का चित्र चित्रवाचन के लिए ICT द्वारा दिखाती है।

पूछती है,

बच्चों , चित्र में क्या - क्या है?

लड़की और औरत क्या कर रही है?

लडका क्या सोच रहा होगा?

यह चित्र आपसे क्या कह रहा है ?

प्रतिक्रिया का अवसर ।

छात्रों की राय अध्यापिका बोर्ड पर लिखती है।

अध्यापिका संक्षिप्त रूप से आशय बताती है।

" पेड़ सबको फल देता है। पेड़ दूसरो से प्यार करता है और खुद से भी। "

पृष्ठ संख्या 8 लेने का निर्देश देती है।

' **खुद से प्यार** ' कविता का वीडियो दिखाती है।

ओडियो के साथ आलाप करने का अवसर देती है।

अध्यापिका पाठ्यपुस्तक के सहायता से पहले की आठ पंक्तियों का आलाप करती है।

प्लाश कार्ड की सहायता से नये शब्दों का अर्थ समझकर आशय बताने को कहती है।

आशय समझने के लिए अध्यापिका छोटे छोटे प्रश्न पूछती है।

**आग - प्रकाश (ചൂട്)**

**प्यार - प्रेम (സ്നേഹം)**

**दुनिया - संसार (ലോകം)**

**दरखत - पेड़ (മരം)**

यहॉ सूरज किससे प्यार करता है?

दुनिया को कौन प्रकाश देता है?

वह दे सके आग -यहाँ आग से क्या मतलब है।

यहाँ दरखत से आपने क्या समझा?

छात्रों की प्रतिक्रिया के आधार पर अध्यापिका कवितांश का आशय बताती है।

अध्यापिका अगली आठ पंक्तियो का आलाप करती है।

छात्रों को आलाप करने का अवसर देती है।

फ्लाश कार्ड की सहायता से अर्थ समझाती है।

**बादल - मेघ (മേഘം)**

**खुद - स्वयं (സ്വയം)**

आशय समझने के लिए अध्यापिका छोटे छोटे प्रश्न पूछती है।

बादल किससे प्यार करता है?

वह दुनिया को क्या दे सकता है?

खुद से प्यार करने से क्या अर्थ निकलता है?

छात्रो की प्रतिक्रिया

प्रतिक्रिया के आधार पर संक्षिप्त रुप से आशय बताती है।

## गतिविधि 2 : पाठ्यपुस्तक के अभ्यास

पन्ना संख्या 9 का वर्कशीट 1 कराती है।

## गतिविधि 3 : पाठ्यपुस्तक के अभ्यास

पन्ना संख्या 9 का वर्कशीट 2 कराती है।

## गतिविधि 4 : पाठ्यपुस्तक के अभ्यास

पन्ना संख्या 10 का वर्कशीट 3 कराती है।

## गतिविधि 5 : पाठ्यपुस्तक के अभ्यास

पन्ना संख्या 10 का वर्कशीट 4 कराती है।

## गतिविधि 6 : पाठ्यपुस्तक के अभ्यास

पन्ना संख्या 11 का वर्कशीट 5 कराती है।

## गतिविधि 7 : वर्कशीट

अध्यापिका वर्कशीट 6 कराती है।